भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4472

30 मार्च, 2022 के लिए प्रश्न

पश्चिम बंगाल में चावल मिलों को बंद करना

4472. श्री सौमित्र खान:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल राज्य में चावल मिलों की जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में किसी चावल मिल को बंद कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र में नई चावल-मिलें स्थापित करना चाहती है; और

(ड) यदि हां, तो सरकार कब तक ऐसा करना चाहती है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): पश्चिम बंगाल सरकार ने यह सूचित किया है कि राज्य का खाद्य और आपूर्ति विभाग अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) प्रचालन के लिए धान की कस्टम मिलिंग हेतु केवल पात्र और कार्यात्मक चावल मिल को पैनलबद्ध करता है। दिनांक 22.03.2022 की स्थिति के अनुसार, पश्चिम बंगाल सरकार के खाद्य और आपूर्ति विभाग द्वारा पैनलबद्ध की गई कुल चावल मिलों की संख्या केवल 588 है। पश्चिम बंगाल में पैनलबद्ध की गई चावल मिलों की जिला-वार संख्या **अनुबंध** में दी गयी है।

(ख) से (ड.): पश्चिम बंगाल सरकार ने यह भी सूचित किया है कि चावल की मिलें प्राइवेट लोगों के है अथवा औद्योगिक/वाणिज्यिक उपक्रम हैं। खाद्य और आपूर्ति विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार की किसी भी चावल मिल की स्थापना या बंद होने में कोई भूमिका नहीं है।

******

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 30.03.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4472 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 22.03.2022 की स्थिति के अनुसार पश्चिम बंगाल में पैनलबद्ध किए गए चावल मिलों की जिला-वार की संख्या:-

क्र.सं	**जिलों के नाम**	**पैनलबद्ध किए गए चावल मिलों की संख्या**
1.	अलीपुरद्वार	12
2.	बंकुरा	45
3.	बीरभूम	56
4.	कूच बिहार	9
5.	दक्षिण दिनाजपुर	14
6.	दार्जलिंग	15
7.	हुगली	85
8.	हावड़ा	6
9.	जलपाईगुड़ी	33
10.	झारग्राम	17
11.	मालदह	22
12.	मुर्शिदाबाद	36
13.	नदिया	13
14.	उत्तर 24 परगना	13
15.	पश्चिम बर्धमान	5
16.	पश्चिम मिदनापुर	29
17.	पूर्व बर्धमान	117
18.	पूर्व मिदनापुर	22
19.	पुरुलिया	15
20.	दक्षिण 24 परगना	9
21.	उत्तर दिनाजपुर	15
कुल		**588**

******